RNI: RAJHIN/2000/00721
Postal Regd. No. RJ/SIROHI/9623/24-26
Licensed to post without prepayment
No. RJ/WR/WPP/003/2024-26
Posting at Shantivan P.O.
Dt. 23th to 24th Each Month.

ओमशान्ति मीडिया

वर्ष - 28 | नवम्बर - 2026 | अंक - 11 | माउंट आबू | Rs.- 20

राष्ट्रपति ने किया ग्लोबल स्पिरिचुअल पैलेस का भव्य उद्घाटन

विश्व नवनिर्माण हेतु आध्यात्मिक जागरण अभियान का शुभारम्भ, गरबा रास से हुआ राष्ट्रपति का आत्मीय स्वागत





वडोदरा-मुख्य. ब्रह्माकुमारीज़ अलकापुरी सबज़ोन,वडोदरा के ताजपुरा रोड स्थित नवनिर्मित 'ग्लोबल स्पिरिचुअल पैलेस' रिट्रीट सेंटर का भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने भव्य उद्घाटन किया। इसी अवसर पर राष्ट्रपति ने ब्रह्माकुमारीज़ के 'स्पिरिचुअल अवेकनिंग फॉर वर्ल्ड रेन्यूअल'(विश्व नवनिर्माण हेतु आध्यात्मिक जागरण) अभियान का शुभारम्भ किया।



- आर्थिक विकास के साथ मानव विकास भी जरूरी – राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू
- 'स्पिरिचुअल अवेकनिंग फॉर वर्ल्ड रेन्यूअल' अभियान का शुभारम्भ
- 'यूथ फॉर विकसित भारत : अवेकनिंग इनर स्ट्रेंथ फॉर नेशन बिल्डिंग' अभियान का वर्चुअल शुभारम्भ
- राष्ट्रपति ने आर्थिक विकास के साथ मानव विकास को आवश्यक बताया
- शिक्षा में बुद्धि के साथ विवेक और ज्ञान जागृति पर जोर
- आत्म-नियंत्रण,करुणा, सकारात्मक सोच और आध्यात्मिकता को सामाजिक परिवर्तन से जोड़ा गया
- रुद्राक्ष का पौधा लगाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश
- गुजराती गरबा-रास से राष्ट्रपति का सांस्कृतिक स्वागत
- मेडिटेशन रूम में राष्ट्रपति ने किया मेडिटेशन
- वडोदरा के प्रशासनिक, चिकित्सा, शिक्षा, उद्योग एवं सामाजिक क्षेत्र के अनेक विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति
- गुजरात भर से आईं सबज़ोन इंचार्ज बहनों का आत्मीय मिलन एवं सम्मान

कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रोटोकॉल मंत्री प्रफुल पंसेरिया, गुजरात ज़ोन इंचार्ज राजयोगिनी ब्र.कु. भारती दीदी, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. उषा दीदी,माउंट आबू, राजयोगिनी ब्र.कु. निरजंना दीदी सहित अनेक विशिष्ट अतिथि एवं ब्रह्माकुमारीज़ के वरिष्ठ भाई-बहनें उपस्थित रहे।

गरबा रास से राष्ट्रपति का आत्मीय स्वागत

ग्लोबल स्पिरिचुअल पैलेस परिसर में राष्ट्रपति के आगमन पर कुमारियों एवं माताओं ने पारंपरिक गुजराती गरबा-रास की मनमोहक प्रस्तुति देकर उनका सांस्कृतिक स्वागत किया। राष्ट्रपति ने प्रस्तुति देने वाली कुमारियों से मुलाकात कर उन्हें स्नेह एवं आशीर्वाद दिया।

राष्ट्रपति ने परिसर में रुद्राक्ष के पौधे का वृक्षारोपण भी किया। इसके बाद उन्होंने उद्घाटन तख्ती का अनावरण कर रिबन खोलकर ग्लोबल स्पिरिचुअल पैलेस का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् राष्ट्रपति बाबा के कमरे में गईं तथा मेडिटेशन रूम में कुछ समय ध्यान किया। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ की वरिष्ठ शिक्षिकाओं एवं भाइयों से मुलाकात भी की।

विशाल सभा में आध्यात्मिक जागरण का संदेश, विशाल सभा का शुभारम्भ राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत से हुआ। राजयोगिनी ब्र.कु. डॉ. निरंजना दीदी ने स्वागत उद्बोधन में ग्लोबल स्पिरिचुअल पैलेस को राजयोग, आध्यात्मिक जागृति, मूल्य-आधारित जीवन, शांति एवं विश्व नवनिर्माण का केंद्र बताया। राजयोगिनी ब्र.कु. उषा दीदी,मुख्यालय माउंट आबू ने 'स्पिरिचुअल अवेकनिंग फॉर वर्ल्ड रेन्यूअल' की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्तिगत परिवर्तन से ही सामाजिक एवं विश्व परिवर्तन की दिशा प्रशस्त होती है। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि विज्ञान, तकनीक एवं शिक्षा में प्रगति के साथ आध्यात्मिक, आत्मसंयम, विवेक, संवेदनशीलता एवं मानवीय मूल्यों का विकास भी आवश्यक है।

राष्ट्रपति ने कहा- आर्थिक विकास के साथ मानव विकास भी जरूरी

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में तनाव, हिंसा, असहिष्णुता एवं सामाजिक विभाजन जैसी चुनौतियां मौजूद हैं। ऐसे समय में ध्यान, आत्मचिंतन, करुणा और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाले प्रयास महत्त्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि केवल आर्थिक विकास ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि मानव विकास भी आवश्यक है। ऐसी शिक्षा होनी चाहिए जो बुद्धि के साथ विवेक को जागृत करे। उन्होंने आत्म-नियंत्रण, सकारात्मक सोच एवं मानवीय मूल्यों को जीवन में अपनाने पर ज़ोर दिया। राष्ट्रपति ने ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आध्यात्मिक एवं मानवीय सेवाओं के माध्यम से व्यक्तिगत परिवर्तन और विश्व नवीनीकरण का संदेश भारत सहित अनेक देशों तक पहुंचाने की सराहना की। उन्होंने युवाओं की आंतरिक शक्ति जागृत करने और उसे राष्ट्र निर्माण से जोड़ने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

वडोदरा के अनेक विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति

कार्यक्रम में वडोदरा के मेयर, नगर निगम आयुक्त, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, विधायक, न्यायाधीश, वरिष्ठ चिकित्सक एवं सर्जन, इंजीनियर, बिल्डर्स तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वडोदरा के कॉर्पोरेटर्स तथा गुजरात एवं माउंट आबू से आए ब्रह्माकुमारीज़ परिवार के सदस्य भी शामिल हुए।



अंत में राष्ट्रपति को ग्लोबल स्पिरिचुअल पैलेस का स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति के प्रस्थान के बाद गुजरात भर से आईं सबज़ोन इंचार्ज बहनों का सम्मान एवं आत्मीय मिलन हुआ। केक कटिंग के साथ खुशी मनाई गई।

